# कार्यालय जनपद न्यायाधीश, गौतम बुद्ध नगर

## <u>सूचना</u>

गौतम बुद्ध नगर जनपदीय न्यायालय में वेतनमान 4440–7440+ग्रेड पे 1300 में समूह 'घ' (चतुर्थ श्रेणी) में अवस्थित कुल 08 रिक्त पदों {नियमित अधिष्ठान हेतु उपलब्ध 07 पद तथा त्वरित न्यायालय हेतु 01 तदर्थ पद} पर नियुक्ति हेतु सभी अर्ह नागरिकों से विहित प्ररूप पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। नियमित अधिष्ठान हेतु उपलब्ध 07 पदों में से 01 पद अनुसूचित जाति तथा 02 पद अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित होंगे तथा शेष अन्य पद अनारक्षित रहेंगे किन्तु त्वरित न्यायालय हेतु रिक्त एकल पद पर कोई आरक्षण अनुमन्य नहीं होगा। विज्ञापित उक्त पदों की संख्या परिवर्तनीय है।

### <u>अर्हता एवं निर्धारित शर्तें</u>

1. **<u>आवश्यक न्यूनतम शैक्षिक योग्यताः–</u>**

   ए–जूनियर हाई स्कूल अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण

   बी–अंग्रेजी वर्णमाला एवं अक्षरों को आसानी से पढ़ने व लिखने की दक्षता

   **<u>अधिमानी योग्यता</u>** निम्नलिखित विधाओं में से किसी में दक्षता प्राप्त व अनुभवी अभ्यर्थियों को वरीयता प्रदान की जायेगीः–

   1. बिजली मिस्त्री का कार्य, 2. बढ़ई का कार्य, 3. प्लम्बरिंग कार्य, 4. कुर्सी बुनाई का कार्य, 5. खाना बनाने का कार्य, 6. कपड़े धोने व प्रेस करने का कार्य, 7 सिलाई का कार्य, 8. बागवानी का कार्य, 9. वाहन चालन।

2. अभ्यर्थी को भारत का नागरिक होना चाहिए।

3. अभ्यर्थी की आयु दिनांक 01.07.2010 को 18 वर्ष से कम तथा 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अनुसूचित जाति व जनजाति के अभ्यर्थियों को यथा नियम आयु सीमा में छूट अनुमन्य होगी।

4. आवेदन पत्रों का विक्रय ज़िला न्यायालय परिसर, गौतम बुद्ध नगर में दिनांक 06.05.2010 से आरम्भ किया जायेगा तथा आवेदन पत्र दिनांक 25.05.2010 को 12:00 बजे मध्यान्ह तक 20 रूपये शुल्क अदा कर क्रय किये जा सकते है। वेब साईट पर उपलब्ध आवेदन पत्र का ए–4 साईज के मोटे सफेद फोटो स्टेट वाले कागज पर प्रयोग अनुमन्य होगा किन्तु वेब साईट से डाऊन लोड कर प्रयोग किये गये प्रत्येक आवेदन पत्र के साथ आवेदन पत्र शुल्क की धनराशि 20 रूपये ज़िला न्यायाधीश, गौतम बुद्ध नगर को देय डिमाण्ड ड्राफ्ट से अदा किया जाना आवश्यक होगा। ऐसे मामलों में यदि उक्त शुल्क अदा नहीं किया जाता है तो ऐसा प्रत्येक आवेदन तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

5. विहित/प्राधिकृत प्रारूप पर आवेदन पत्र वैयक्तिक रूप से, स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड डाक द्वारा ही दिनांक 25.05.2010 को 17:00 बजे अपरान्ह तक न्यायिक

अधिष्ठान, गौतम बुद्ध नगर में प्राप्त किये जायेंगे तथा तत्पश्चात् कोई भी आवेदन प्राप्त नहीं किया जायेगा।

6. यदि विज्ञापित एक पद के सापेक्ष दस से अधिक आवेदन पत्र अर्थात् विज्ञापित कुल 08 पदों के सापेक्ष 80 से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो उत्तर प्रदेश शासन के कार्मिक अनुभाग 02 के शासनादेश संख्या 20/7/86–का–2/93 दिनांकित 06.04.1993 में किये गये प्राविधानानुसार अभ्यर्थियों की अर्हता तथा अधिमानी योग्यता के आधार पर आवेदन पत्रों की शार्ट लिस्टिंग (**Short Listing**) की जायेगी तथा उक्त शार्ट लिस्टिंग के उपरान्त ही पात्र आवेदकों को लिखित परीक्षा हेतु आमंत्रित किया जायेगा।

7. आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्रों की सत्य प्रमाणित प्रतिलिपियॉं संलग्न करना आवश्यक है।

   (क) जूनियर हाई स्कूल अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण करने संबंधी अंक तालिका व प्रमाण पत्र।

   (ख) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, विकलांग एवं अन्य आरक्षित वर्ग का होने के संबंध में नियत प्राधिकारी द्वारा विहित प्रारूप पर निर्गत प्रमाण पत्र।

   (ग) सेवायोजन कार्यालय, यदि पंजीकृत हों तो, पंजीयन प्रमाण पत्र।

   (घ) जिस विद्यालय अथवा से अंतिम शिक्षा प्राप्त की हो उस विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा दिया गया चरित्र प्रमाण पत्र एवं इसके अतिरिक्त दो अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों जो अभ्यर्थी के संबंधी न हो, द्वारा दिये गये प्रमाण पत्र।

   (ङ) अन्य प्रमाण पत्र जो अभ्यर्थी अपने कियाकलापों या अतिरिक्त योग्यताओं के सम्बन्ध में देना चाहता हो

8. अभ्यर्थी आवेदन पत्र के साथ रजिस्ट्री डाक टिकट सहित तीन लिफाफे (साइज 11x 4 से0मी0) जिनमें से प्रत्येक पर अपना पूर्ण व सुस्पष्ट पता लिखकर संलग्न करेगा।

9. अभ्यर्थी आवेदन पत्र व प्रवेश पत्र में निर्दिष्ट स्थल पर पासपोर्ट आकार का अपना आवक्ष फोटो जिस पर उसके पठनीय सतिथि हस्ताक्षर अंकित होंगे चिपकायेगा।

10. आवेदन पत्र के साथ अनुसूचित जाति/जनजाति के अभ्यर्थी से भिन्न सभी अभ्यर्थी परीक्षा हेतु शुल्क दो सौ रूपये का रेखांकित बैंक ड्राफ्ट, जो ज़िला न्यायाधीश, गौतम बुद्ध नगर को गौतम बुद्ध नगर में देय हो, संलग्न करेंगे तथा अनुसूचित जाति/जनजाति के अभ्यर्थी मात्र एक सौ रूपये का रेखांकित बैंक ड्राफ्ट, जो ज़िला न्यायाधीश, गौतम बुद्ध नगर को गौतम बुद्ध नगर में देय हो, संलग्न करेंगे। यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा उक्त शुल्क के भुगतान हेतु उपरोक्तानुसार ड्राफ्ट संलग्न नहीं किया जाता है तो उसका आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा।

11. आवेदन शुल्क तथा परीक्षा शुल्क की उक्त धनराशि किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं की जायेगी।

12. आरक्षण का लाभ लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को उसके सम्बन्ध में विनिर्दिष्ट दावा करते हुए आवश्यक जाति/श्रेणी प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा अन्यथा आरक्षण का लाभ अनुमन्य नहीं होगा। क्षैतिज आरक्षण नियमानुसार अनुमन्य होगा।

13. अर्ह अभ्यर्थियों का चयन लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर होगा। लिखित परीक्षा 75 अंकों की होगी एवं साक्षात्कार 25 अंकों का होगा। इसमें हिन्दी व अंग्रेजी भाषा व अंको के व्यावहारिक ज्ञान का परीक्षण किया जायेगा। चतुर्थ श्रेणी चयन लिखित परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्न जूनियर हाई स्कूल स्तर के होंगे तथा परीक्षा निम्नलिखित विषयों की होगी–

| कम | विषय | पूर्णांक |
|---|---|---|
| 1 | सामान्य ज्ञान (बहुविकल्पीय प्रश्न) | 15 अंक |
| 2 | साधारण अंक गणित | 15 अंक |
| 3 | विलोम शब्द | 12 अंक |
| 4 | पर्यायवाची शब्द | 12 अंक |
| 5 | दिये गये शब्दों का वाक्य में प्रयोग | 11 अंक |
| 6 | सरल अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद /लिप्यंतरण | 10 अंक |

14. (क) लिखित परीक्षा के मूल्यांकन के आधार पर अभ्यर्थियों की श्रेष्ठता सूची तैयार की जायेगी एवं रिक्त पदों के अधिकतम तीन गुना अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए आहूत किया जायेगा।

(ख) अभ्यर्थियों द्वारा लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के योग के आधार पर श्रेष्ठता सूची तैयार की जायेगी जो अभ्यर्थियों के चयन का आधार होगा। विज्ञपित पदों की संख्या के समान संख्या में प्रतीक्षा सूची भी तैयार की जायेगी।

(ग) उक्त प्रतीक्षा सूची विज्ञापित उक्त पदों में से अन्तिम पद के भरते ही समाप्त हो जायेगी अर्थात् विज्ञापित पदों के अतिरिक्त कोई अन्य पद इस प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों से नहीं भरा जायेगा।

15. अपूर्ण अथवा त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र, न्यूनतम शैक्षिक अर्हता धारित न रखने वाले अभ्यर्थियों के आवेदन तथा निर्धारित न्यूनतम व अधिकतम आयु से क्रमशः कम व अधिक आयु के अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र तत्काल निरस्त कर दिये जायेंगे। चयन व नियुक्ति के किसी भी चरण पर यह पाये जाने पर कि अभ्यर्थी विशेष विज्ञापित पद के लिए अन्यथा उपयुक्त नहीं है, उसका अभ्यर्थन तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

16. आवेदन पत्र में आवेदक को यह स्पष्ट करना अनिवार्य होगा कि क्या वह नियमित अधिष्ठान हेतु पद पर चयन हेतु अथवा त्वरित न्यायालय के लिए तदर्थ पद पर चयन हेतु अथवा दोनों प्रकार के पदों में से किसी भी पद पर चयन हेतु आवेदन कर रहा है।

17. लिखित परीक्षा तथा तत्पश्चात् आयोजित साक्षात्कार जो उक्त निमित्त यथा आवश्यकता चिन्हित परीक्षा केन्द्रों/स्थल पर आयोजित होंगी, में सम्मिलित होने के लिए कोई भत्ता अनुमन्य नहीं होगा तथा अभ्यर्थी को अपने परिवहन, निवास, भोजन आदि की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

18. प्रवेश पत्र जिनमें लिखित परीक्षा की तिथि, समय एवं स्थान की सूचना अंकित होगी, अभ्यर्थी द्वारा उपलब्ध कराये गये लिफाफे से ही रजिस्ट्री डाक द्वारा प्रेषित की जायेगी। यदि किसी अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र प्राप्त नहीं होता है तो वह डुप्लीकेट प्रवेश पत्र उक्त सम्बन्ध में आवेदन कर लिखित परीक्षा हेतु नियत तिथि से एक दिन पूर्व 10:00 बजे प्रातः से सायं 05:00 बजे तक व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्राप्त कर सकता है।

19. लिखित परीक्षा हेतु अर्ह प्रत्येक अभ्यर्थी को उत्तर पुस्तिका ही प्रदान की जायेगी तथा प्रत्येक अभ्यर्थी उक्त परीक्षा हेतु लेखन सामिग्री आदि स्वयं लेकर आयेंगे।

20. परीक्षा परिसर में किसी भी अभ्यर्थी द्वारा मोबाईल फोन आदि का प्रयोग व धारण पूर्णतः वर्जित होगा।

21. निरस्त किये गये आवेदन पत्रों की सूचना ज़िला न्यायालय, गौतम बुद्ध नगर के नोटिस बोर्ड पर लगायी जायेगी तथा उक्त सम्बन्ध में पृथक से कोई सूचना अभ्यर्थी विशेष को प्रेषित नहीं की जायेगी।

**अध्यक्ष / जिला जज**
**चयन समिति,**

**क्रमांक** **अनुक्रमांक**

ज़िला न्यायालय, गौतम बुद्ध नगर में समूह 'घ' में अवस्थित रिक्त पदों पर चयन हेतु

**प्रतियोगितात्मक परीक्षा 2010**

**आवेदन पत्र**

**(अभ्यर्थी द्वारा स्वयं अपने लेख में भरा जाये)**

**आवेदित पदः नियमित अधिष्ठान/त्वरित न्यायालय/दोनों**

**(अभ्यर्थी जिस पद पर चयन हेतु विकल्प न देना चाहें उसे अवश्य काट दें)**

सतिथि स्वहस्ताक्षरित आवक्ष पासपोर्ट साईज का नवीनतम फोटो चिपकायें।

1. अभ्यर्थी का पूरा नाम
   (1) हिन्दी (देवनागिरी लिपि में)........................................................................................
   (2) अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में..................................................................................
2. पिता/पति का नाम..................................................................................................
3. जन्म तिथि..........................................................................................................
   (अ) जैसा जूनियर हाई स्कूल अथवा समकक्ष परीक्षा–प्रमाण पत्र में अंकित है।
   (ब) दिनांक 01.07.2010 को आयु

   वर्ष..................... माह.................... दिन................
4. शरीर पर पहिचान के विशिष्ट चिन्ह
   (जैसे तिल, घाव का निशान आदि)
   1.........................................................................
   2.........................................................................
5. पत्र व्यवहार हेतु पूर्ण पता..............................................................................................
   ..........................................................................................................................
   ..........................................................................................................................
6. स्थाई पता ग्राम.....................................................डाकघर........................................पिनकोड.....
   ..........................................................................थाना............................................जिला................
   ............................................
7. सेवायोजन कार्यालय का विवरण व पंजीयन संख्या ....................................................
   ..........................................................................................................................
8. राष्ट्रीयता...............................................................................................................
9. क्या आप उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हैं ?
10. यदि आप निम्न में से किसी श्रेणी के/की आवेदक/आवेदिका हों तो अपनी श्रेंणी का चयन कर निशान लगायें व प्रमाण पत्र संलग्न करें

    अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति/विकलांग
    स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित/भूतपूर्व सैनिक

**11. शैक्षिक व प्राविधिक योग्यताः—**

| परीक्षा का नाम | वर्ष | श्रेणी | पूर्णांक / प्राप्तांक | प्रतिशत | विद्यालय / विश्व विद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| जूनियर हाई स्कूल व अन्य | | | | | |

10. अधिमानी अर्हता व अनुभव, यदि कोई हो, का विवरण ........................................................

........................................................................................................................................

(अधिमानी अर्हता व अनुभव से सम्बन्धित प्रमाण पत्र की सत्य प्रमाणित प्रतिलिपि अवश्य संलग्न करें)

11. (अ) क्या आपके विरूद्ध दीवानी का कोई मामला चला है...........................

(ब) यदि हॉ तो

(क) उसका पूर्ण विवरण .......................................................................................

(ख) क्या उक्त मामला अभी चल रहा है? यदि हॉ तो पूर्ण विवरण संलग्न करें।

(स) क्या आपके विरूद्ध फौजदारी का कभी कोई मामला चला है?

(द) यदि हॉ तो

(क) उसका पूर्ण विवरण .......................................................................................

(ख) क्या उक्त मामला अभी चल रहा है? यदि हॉ तो पूर्ण विवरण संलग्न करें।

(य) क्या आपको किसी अपराध में दोष सिद्ध किया गया है? यदि हां तो उसका पूर्ण विवरण दें तथा सम्बन्धित निर्णय की प्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न करें.................................

(र) यदि आपके विरूद्ध कोई फौजदारी का मामला चला हो और आप उसमें दोष मुक्त हुए हों तो सम्बन्धित निर्णय की प्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न करें।

12. क्या आप दिवालिया घोषित व्यक्ति हैं?....................................................................................

13. परीक्षा शुल्क का विवरणः—

| बैंक ड्राफ्ट का नम्बर व दिनांक | जारी करने वाले बैंक का नाम | धनराशि |
|---|---|---|
| | | |

## घोषणा पत्र

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हूॅं / करती हूँ किः—

1. विज्ञप्ति में दी गयी पात्रता की सभी शर्तों को सावधानी पूर्वक पढ़ लिया है। उक्त सभी शर्तें मुझे मान्य हैं और मैं उन शर्तों को पूरा करता हूॅं / करती हूँ।
2. इस आवेदन पत्र में दिये गये सभी विवरण सत्य हैं, मैंने कोई तथ्य नहीं छिपाया है तथा दिये गये विवरण का कोई अंश असत्य / मिथ्या नहीं है। मेरे द्वारा दिये

गये विवरण/सूचना का कोई अंश असत्य अथवा त्रुटिपूर्ण पाया जाये या मेरे द्वारा कोई तथ्य छिपाया गया होना पाया जाये, तो मेरा अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाये। यदि नियुक्त हो जाने के उपरान्त ऐसी स्थिति संज्ञान में आये तो मेरी सेवायें समाप्त कर दी जायें।

3. मैं उत्तर प्रदेश सरकार/भारत सरकार का/की नियमित अथवा दैनिक भोगी कर्मचारी हूँ/नहीं हूँ और मैंने इस आवेदन पत्र हेतु समक्ष अधिकारी को दिनांक..... ..............................को विधिवत् अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए आवेदन प्रस्तुत कर दिया है तथा विधिवत् निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र नियुक्ति के समय प्रस्तुत करूंगा/करूंगी।

तिथि...................................

अभ्यर्थी के पठनीय हस्ताक्षर
अभ्यर्थी का पूरा नाम

**संलग्नकों का विवरण**

1
2
3
4

**नोटः** निर्धारित शुल्क के ड्राफ्ट के साथ पूर्ण रूपेण भरे आवेदन पत्र ज़िला न्यायाधीश, गौतम बुद्ध नगर के कार्यालय में दस्ती, रजिस्टर्ड डाक अथवा स्पीड पोस्ट द्वारा नियत तिथि दिनांक 25.05.2010 को सांय 05:00 बजे तक ही प्राप्त किये जायेंगे। नियत तिथि व समय के उपरान्त कोई भी आवेदन पत्र प्राप्त नहीं किया जायेगा।

**कार्यालय प्रयोग के लिएः–**

आवेदन प्राप्ति की तिथि.................प्राप्तकर्ता/जांचकर्ता के हस्ताक्षर व दिनांक........................

**क्रमांक** **अनुक्रमांक**

**ज़िला न्यायालय, गौतम बुद्ध नगर में समूह 'घ' में अवस्थित रिक्त पदों पर चयन हेतु प्रतियोगितात्मक परीक्षा 2010**

## लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र

**आवेदित पदः नियमित अधिष्ठान/त्वरित न्यायालय/दोनों**

**(अभ्यर्थी जिस पद पर चयन हेतु विकल्प न देना चाहें उसे अवश्य काट दें)**

सतिथि स्वहस्ताक्षरित आवक्ष पासपोर्ट साईज का नवीनतम फोटो चिपकायें।

1. अभ्यर्थी का पूरा नाम
   (1) हिन्दी (देवनागिरी लिपि में).......................................................................................................
   (2) अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में.......................................................................................
2. पिता/पति का नाम.......................................................................................................
3. जन्म तिथि.......................................................................................................
4. शरीर पर पहिचान के विशिष्ट चिन्ह
   (जैसे तिल, घाव का निशान आदि)
   1...........................................................................
   2...........................................................................
5. पत्र व्यवहार हेतु पूर्ण पता.......................................................................................................
   .......................................................................................................
   .......................................................................................................
6. स्थाई पता ग्राम.......................................................डाकघर.......................................पिनकोड.....
   ..............................................................................थाना..........................................जिला...............
   .............................................

**अभ्यर्थी के हस्ताक्षर**

**नोटः– क्रमांक 01 से 06 तक उक्त सभी स्तम्भों में प्रविष्टियॉ अभ्यर्थी द्वारा स्वयं अपने हस्तलेख में की जायेंगी।**

**(निम्न स्तम्भ संख्या 07 व 08 में प्रविष्टियॉ कार्यालय द्वारा की जायेंगी)**

7. लिखित परीक्षा की तिथि .......................................................................................................
8. परीक्षा केन्द्र/स्थान.......................................................................................................

**प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर व मोहर**